दिन– बुधवार दिनांक– 26 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सीएजी की रिपोर्ट में सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन में गम्भीर अनियमितता के मामले सामने आये। रिपोर्ट के अनुसार किसी भी जिले में आधारभूत संरचना का नहीं किया गया सर्वेक्षण।
02. जीविका संगठनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विधानसभा ने बिहार सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित किया।
03. सेवाकाल में मृत होने वाले पुलिसकर्मियों के आश्रितों को अब बीस वर्ष की जगह पच्चीस वर्ष तक सहायता अनुदान योजना का लाभ मिलेगा।
04. और, पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत विश्व चैंपियन बना। एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य समेत रिकॉर्ड सात पदक जीते।

————————————————————

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–सीएजी की रिपोर्ट में सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन में गम्भीर अनियमितता के मामले सामने आये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिला स्तरीय समिति ने किसी भी जिले में आधारभूत संरचना का सर्वेक्षण नहीं किया गया। वित्तीय वर्ष दो हजार बीस–इक्कीस तक कोई योजना भी नहीं बनायी गयी। इसके चलते आधारभूत संरचना की कमियों का मूल्यांकन नहीं हो सका। इसी तरह रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष दो हजार सत्रह से दो हजार बाईस के दौरान राज्य के विश्वविद्यालयों ने चार हजार एक सौ चौंतीस करोड़ रूपये का उपयोग नहीं किया। यह राशि शिक्षा विभाग को लौटा दी गयी। सीएजी की रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य के पांच विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों को अड़तालीस करोड़ अट्ठाईस लाख रूपये वेतन का भुगतान बिना उचित सत्यापन कर दिया गया है, जबकि वेतन सत्यापन कोषांग से होना चाहिए था।

रिपोर्ट के अनुसार परियोजना की व्यवहार्यता का आकलन किए बिना उद्योग विभाग की ओर से नीरा से गुड़ बनाने का संयंत्र लगाया गया। उत्पादन लागत के अनुसार इस गुड़ की कीमत एक हजार दो सौ बहत्तर रुपये प्रति किलोग्राम से बीस हजार दो सौ ग्यारह रुपये प्रति किलोग्राम तक थी। इस कारण गुड़ नहीं बिक सका और इसका उत्पादन बंद करना पड़ा।

————————————————————

विधानसभा ने बिहार सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस को पारित कर दिया है। विधेयक में राज्य स्तर पर एक विशिष्ट वित्तीय संस्थान 'जीविका

निधि' के गठन का प्रस्ताव है। यह संस्थान ग्राम संगठनों को पूंजी देगी, जिसमें जीविका दीदियां ही सदस्य होती हैं। इसका उद्देश्य जीविका दीदियों को आत्मनिर्भर बनाना है।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रमंडल स्तर पर खेल गांव बनाएगी। पंचायतों में स्पोर्ट्स क्लब बनाए जाएंगे। श्री चौधरी विधानपरिषद में विनियोग विधेयक पर चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रख रहे थे।

———————————————————

खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा है कि राज्यस्तरीय एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण संस्थानों के कोच के मानदेय में बढ़ोतरी का सरकार के पास कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री मेहता ने विधान सभा में कहा कि योग्यता के अनुरुप इन प्रशिक्षकों को पच्चीस हजार से तीस हजार रूपये तक का मानदेय दिया जाता है।

———————————————————

प्रदेश में कैंसर मरीजों की संख्या एक लाख नौ हजार दो सौ चौहत्तर है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विधान परिषद में यह जानकारी दी। वे देवेश कुमार के प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि बेगूसराय, गया, भागलपुर और पूर्णिया में कैंसर के सर्वाधिक मरीज हैं।

———————————————————

विधानसभा में बिहार काष्ठ आधारित उद्योग विधेयक पारित हो गया है। विधेयक पर सरकार का पक्ष रखते हुये विभागीय मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने आरा मिलों सहित विभिन्न काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना और विनियम के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

———————————————————

जदयू सांसद संजय कुमार झा ने दरभंगा एम्स का भवन निर्माण कार्य पूरा होने तक किसी अन्य भवन में मेडिकल शिक्षा की शुरूआत करने की मांग की है। राज्यसभा में श्री झा ने दिल्ली एम्स के विस्तार की तर्ज पर दरभंगा एम्स का विस्तार सहरसा में करने की भी केन्द्र सरकार से मांग की।

———बाईट———

इसके जवाब में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि एम्स की एक मानक संचालन प्रक्रिया है, जिसके तहत ही संस्थान से जुड़े सभी कार्य निष्पादित किये जाते हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

सेवाकाल में मृत होने वाले पुलिसकर्मियों के आश्रितों को अब पच्चीस साल तक सहायता अनुदान योजना का लाभ मिलेगा। यह राशि उनको मिलने वाली पेंशन राशि के अतिरिक्त होगी, जो बिहार पुलिस परोपकारी कोष से दी जाएगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की अध्यक्षता में गठित बिहार पुलिस की केंद्रीय प्रशासी समिति ने इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। पहले सहायता अनुदान योजना का लाभ सेवाकाल में मृत कर्मियों के आश्रितों को मृत्यु की तिथि से बीस वर्षों तक के लिए ही दी जाती थी। इस निर्णय का लाभ राज्य के एक लाख दस हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और उनके आश्रितों को मिलेगा।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि जिन विशिष्ट शिक्षकों का डाटा एचआरएनएस पोर्टल पर अपलोड हो चुका है, उन्हें पांच दिनों के अन्दर वेतन का भुगतान कर दिया जायेगा। विभाग के सचिव अजय यादव ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने एक्यूट इंसेफ्लाईटिस सिन्ड्रोम, एईएस की रोकथाम और प्रभावी नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने प्रभावित जिलों में जागरूकता अभियान के साथ–साथ स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता, पोषण स्तर में सुधार, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत ने विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। भारत की टीम ने रिकॉर्ड सात पदक जीते हैं। कल प्रतियोगिता के अंतिम दिन रेगुलर स्पर्धा में भारत की पुरूष टीम ने जापान को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महिला टीम को रेगुलर स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। भारत ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य पदक जीते।

———————————————————————————

बिहार में नव नालंदा महाविहार डीम्ड विश्वविद्यालय में मलेश्यिा की सहायता से बौद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में जल्द ही नव नालंदा महाविहार नोर्बु– एआई प्रणाली शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष एआई प्रणाली और

चैटबोट शुरू करने के लिए मलेशिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुलपति ने कहा कि इस प्रणाली से नालंदा परम्परा को जीवंत करने और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं तक नई पद्धति के माध्यम से पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। प्रो. सिंह ने कहा यह भारत में अपने तरह की अनूठी पहल है।

———बाईट———

नव नालंदा महाविहार ने शैक्षिक आदान—प्रदान के लिए विश्व की कई प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग किया है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि जापान, ताईवान, अमरीका, वियतनाम, और थाईलैंड के शैक्षिक संस्थानों के साथ सहयोग किया गया है।

———बाईट———

नव नालंदा महाविहार केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक न्यासी संस्थान है, जो पाली, संस्कृत, तिब्बती, चीनी, जापानी और अन्य भाषाओं में बौद्ध अध्ययन संबंधी शैक्षिक गतिविधियों मे संलग्न है।

———————————————————————

आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर एक युवक ने पिता—पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये विशेष अभियान के तहत प्रतिबंधित संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गये हैं।

पटना के अगमकुआं स्थित एक निजी अस्पताल की संचालिका की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति और देवर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पंथपाकर चौक के पास अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से लगभग तीन लाख रूपये लूट लिये। विरोध करने पर संचालक को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

———————————————————————

पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो तेलंगाना के हैं।

---

मुंगेर जिले के तारापुर में पुलिस ने एक मालवाहक वाहन से चार सौ तेरह लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर अनुमंडल के तेघड़ा गांव में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इधर, पटना के बाईपास थाना क्षेत्र के मरचा गांव स्थित एक मुर्गी फार्म में दो दिनों के अन्दर दो हजार से अधिक मुर्गियों की मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच में बर्ड फ्लू से मौत की आशंका जतायी गयी है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इंटर रिजल्ट को प्रमुखता देते हुये लिखा है– छोटे शहरों के बच्चों ने खिंची बड़ी लकीर। तीनों संकायों में बेटियां अव्वल।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य के पैंतीस जिलों में होगा मेडिकल कॉलेज। दस जिलों में लगेगी, ब्लड सेपरेटर यूनिट।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– एक मई से एटीएम से पैसे निकालना होगा महंगा।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– कामगारों का आयुष्मान वाले अस्पतालों में भी होगा ईलाज। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– ईद पर गरीब अल्पसंख्यक परिवारों को सौगात–ए–मोदी।

राष्ट्रीय सहार और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत के विजेता बनने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सीएजी की रिपोर्ट में सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन में गम्भीर अनियमितता के मामले सामने आये। रिपोर्ट के अनुसार किसी भी जिले में आधारभूत संरचना का नहीं किया गया सर्वेक्षण।
02. जीविका संगठनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विधानसभा ने बिहार सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित किया।
03. सेवाकाल में मृत होने वाले पुलिसकर्मियों के आश्रितों को अब बीस वर्ष की जगह पच्चीस वर्ष तक सहायता अनुदान योजना का लाभ मिलेगा।

04. और, पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत विश्व चैंपियन बना। एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य समेत रिकॉर्ड सात पदक जीते।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।